सेवा में,

श्रीमान प्रभारी निरीक्षक
थाना व कोतवाली–फरीदपुर,
जिला–बरेली।

महोदय,

प्रार्थीगण जिला सहकारी बैंक लि0, बरेली में कार्यरत है। सादर अवगत कराना है कि एक माह पूर्व पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर के एक किसान द्वारा यह अवगत कराया गया, कि उसको प्राप्त होने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि त्रुटिवश आपकी बैंक की शाखा फरीदपुर सायं0 में आ गयी है। उक्त का संज्ञान लेते हुए दिनांक 16.05.2025 को शाखा फरीदपुर सायं0 का औचक भ्रमण करने पर 21 ऐसे विवादित खाते निकलकर आये, जिसका संज्ञान लेते हुए बैंक द्वारा दिनांक 23.05.2025 को प्रकरण की विस्तृत जॉच का आदेश किया गया।

जॉच करने पर पाया गया कि शाखा पर कार्यरत रहे श्री चन्द्र प्रकाश, लिपिक/कैशियर, श्री दीपक पाण्डेय, लिपिक/कैशियर, श्री मुकेश कुमार गंगवार, शाखा प्रबन्धक एवं श्री गौरव वर्मा, शाखा प्रबन्धक ने संगठित होकर दुराभिसंधि करते हुए अपनी पदीय शक्तियों का दुरुपयोग कर अमानत में खयानत करते हुये कुल अंकन 1,31,06,069.67 रु0 का उक्तानुसार गबन करने का कार्य किया गया है।

अतः उक्त क्रम में सादर प्रार्थना है कि जिला सहकारी बैंक लि0, बरेली की शाखा–फरीदपुर सायंकालीन में कार्यरत रहे श्री चन्द्र प्रकाश, निल0 लिपिक/कैशियर, श्री दीपक पाण्डेय, निल0 लिपिक/कैशियर, श्री मुकेश कुमार गंगवार, निल0 शाखा प्रबन्धक एवं श्री गौरव वर्मा, निल0 शाखा प्रबन्धक द्वारा धोखाधडी एवं कूटरचना करते हुए बैंक की एक बडी धनराशि का गबन किये जाने के कार्य का संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित के विरूद्व प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए विधिक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– जॉच आख्या

प्रार्थीगण

Ankit Yadav 05/07/2025

1. श्री अंकित कुमार, वरि0 सहायक
2. श्री सर्वेन्द्र सिंह चौहान, उपमहाप्रबन्धक
   जिला सहकारी बैंक लि0, बरेली।